Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9041488440
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper

Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No.
PBBIL/26/A0779




Sat- 04 Jul - 2026 | Year - 01 | Issue - 89 | Page - 01 | Rs. - 5 | www.azadvaani.com

# 'शुद्ध दूध, तंदुरुस्त पंजाब' अभियान को मिला नया बल, मिलावट रोकने के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन और मोबाइल लैब शुरू




चंडीगढ़, 4 जुलाई:पंजाब सरकार ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्यभर में दूध की मिलावट पर प्रभावी रोक लगाने और लोगों को शुद्ध एवं सुरक्षित दूध उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'शुद्ध दूध, तंदुरुस्त पंजाब' अभियान को और मजबूत किया है। इस अभियान के तहत सरकार ने एक समर्पित टोल-फ्री हेल्पलाइन 1800-180-2202 शुरू की है तथा दूध की गुणवत्ता से जुड़ी शिकायतों और मार्गदर्शन के लिए राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी की नियुक्ति भी की है। सरकार का उद्देश्य उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की रक्षा करने के साथ-साथ ईमानदार डेयरी किसानों के हितों को सुरक्षित रखना है।

पशुपालन, डेयरी विकास एवं मत्स्य पालन मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि डेयरी विकास विभाग ने 1 अप्रैल 2026 से अब तक राज्यभर में आयोजित 160 विशेष शिविरों के दौरान लगभग 6,000 दूध के नमूनों की जांच की है। इन शिविरों के माध्यम से दूध की गुणवत्ता की निगरानी लगातार की जा रही है ताकि मिलावट करने वालों के खिलाफ समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने कहा कि दूध की जांच की सुविधा लोगों के घरों और गांवों तक पहुंचाने के लिए राज्य में चार मोबाइल प्रयोगशाला वैन पहले से संचालित की जा रही हैं, जबकि पांच नई मोबाइल लैब वैन जल्द ही बेड़े में शामिल की जाएंगी। इसके अलावा पंजाब के सभी जिलों में जिला उपनिदेशक (डेयरी विकास) कार्यालयों में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक नियमित रूप से दूध की गुणवत्ता की जांच की जा रही है, जहां नागरिक अपने दूध के नमूने परीक्षण के लिए निःशुल्क जमा करा सकते हैं।

राज्य सरकार ने गुरु अंगद देव वेटरिनरी एंड एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी, लुधियाना के सहयोग से दूध की त्वरित जांच के लिए आधुनिक पोर्टेबल टेस्टिंग किट भी उपलब्ध कराई हैं। विभाग ने 5,000 पोर्टेबल मिल्क एडुल्टरेशन डिटेक्शन किट जिला डेयरी विकास कार्यालयों तथा 500 किट पशुपालन विभाग के वेटरिनरी पॉलीक्लीनिकों और जागरूकता शिविरों में वितरित की हैं। इन किटों की सहायता से मौके पर ही दूध में फैट, एसएनएफ (सॉलिड्स-नॉट-फैट), प्रोटीन की मात्रा के साथ-साथ यूरिया, स्टार्च और हाइड्रोजन पेरॉक्साइड सहित छह सामान्य मिलावटी तत्वों की जांच की जा सकती है। इससे जांच प्रक्रिया तेज हुई है, केंद्रीय प्रयोगशालाओं पर निर्भरता कम हुई है और मिलावट करने वालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई संभव हो रही है।

गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि मिलावटी दूध न केवल उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है, बल्कि इससे ईमानदार डेयरी किसानों की आय पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने मोबाइल प्रयोगशालाओं, आधुनिक जांच किटों और टोल-फ्री हेल्पलाइन के माध्यम से दूध की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की व्यापक व्यवस्था की है ताकि उत्पादन से लेकर उपभोक्ता तक हर स्तर पर गुणवत्ता बनी रहे।

पशुपालन, डेयरी विकास एवं मत्स्य पालन विभाग के प्रधान सचिव राहुल भंडारी ने बताया कि अब राज्य के सभी जिला उपनिदेशक (डेयरी विकास) कार्यालयों में नागरिक निःशुल्क दूध की जांच करा सकते हैं। किसी भी प्रकार की जानकारी या शिकायत के लिए राज्य नोडल अधिकारी मनदीप सिंह से 98784-41386 तथा 0172-5027285 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## 'सेफ पंजाब' हेल्पलाइन बनी नशा तस्करों पर शिकंजा कसने का प्रभावी माध्यम



चंडीगढ़, 4 जुलाई: पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में चल रहे 'युद्ध नशियां विरुद्ध' अभियान के तहत शुरू की गई 'सेफ पंजाब' व्हाट्सएप हेल्पलाइन (97791-00200) नशा तस्करों के खिलाफ प्रभावी हथियार बनकर उभरी है।

अब तक हेल्पलाइन पर 43,520 गुप्त सूचनाएं प्राप्त हुई हैं, जिनके आधार पर 17,120 मामले दर्ज किए गए और 21,962 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। शिकायतकर्ताओं की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है||

इसके अलावा ई-रिक्शाओं के माध्यम से भी लगभग 3,440 गांवों तक पहुंच बनाकर गुप्त सूचनाएं एकत्र की जा रही हैं। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि जनता की बढ़ती भागीदारी सरकार और पुलिस पर बढ़ते विश्वास का प्रमाण है। वहीं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि जन-सहयोग, सख्त कार्रवाई, जागरूकता और पुनर्वास के समन्वय से पंजाब को नशा मुक्त बनाने का अभियान लगातार मजबूत हो रहा है।

## 'मेरी रसोई' अभियान में तेजी, पंजाब के 21.29 लाख परिवारों तक पहुंचीं राशन किटें



चंडीगढ़, 4 जुलाई: पंजाब सरकार ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में चलाए जा रहे 'मेरी रसोई' अभियान के तहत अब तक 21.29 लाख पात्र परिवारों को राशन किटें वितरित की हैं। योजना का लक्ष्य प्रत्येक तिमाही में 40.48 लाख परिवारों तक राशन किट पहुंचाना है।

प्रत्येक किट में 2 किलो दाल, 2 किलो चीनी, 1 किलो नमक, 200 ग्राम हल्दी पाउडर और 1 लीटर सरसों का तेल शामिल है।

प्रतिदिन 80 से 85 हजार किटों का वितरण किया जा रहा है। यह पहल राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले गेहूं के अतिरिक्त जरूरतमंद परिवारों को आवश्यक पोषण उपलब्ध कराने और खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## पंजाब में मशरूम खेती को बढ़ावा: किसानों को उत्पादन इकाई स्थापित करने पर 80 हजार रुपये तक की सब्सिडी

चंडीगढ़, 4 जुलाई 2026:पंजाब पुलिस ने राज्यभर में साइबर अपराध के विरुद्ध अपनी कार्रवाई को और अधिक सशक्त बनाते हुए पिछले एक वर्ष में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। प्रत्येक जिले और पुलिस कमिश्नरेट में विशेष साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन स्थापित किए जाने के बाद ऑनलाइन ठगी, डिजिटल फ्रॉड और संगठित साइबर अपराध के खिलाफ अभियान को नई गति मिली है। इस दौरान राज्य के 29 साइबर क्राइम पुलिस स्टेशनों में 956 एफआईआर दर्ज की गईं और 729 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इन कार्रवाइयों के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को साइबर ठगों के जाल में फंसने और अपनी मेहनत की कमाई गंवाने से बचाया गया।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि स्टेट साइबर क्राइम डिवीजन ने पिछले चार वर्षों में साइबर अपराध के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस केवल अपराधियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई तक सीमित नहीं रही, बल्कि रोकथाम और जन-जागरूकता को भी समान महत्व दिया गया। इसी उद्देश्य से पूरे राज्य में 657 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, फर्जी निवेश योजनाओं, डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी फ्रॉड और सोशल मीडिया ठगी जैसे साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई कर धनराशि को बचाया जा सके।

डीजीपी ने बताया कि मई 2025 से अब तक स्पेशल डीजीपी वी. नीरजा के नेतृत्व में स्टेट साइबर क्राइम डिवीजन ने तकनीक आधारित और हाई-प्रोफाइल साइबर अपराधों से जुड़े 57 मामले दर्ज किए तथा 56 आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं, पुलिस कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों के अधीन कार्यरत साइबर क्राइम पुलिस स्टेशनों ने विभिन्न मामलों में 673 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें लुधियाना पुलिस कमिश्नरेट ने सबसे अधिक 86 मामलों में 181 गिरफ्तारियां कीं। इसके अलावा एसएएस नगर में 52 मामलों में 57, खन्ना में 31 मामलों में 74, मलेरकोटला में 41 मामलों में 32, पठानकोट में 44 मामलों में 23, पटियाला में 74 मामलों में लगभग 40 तथा कपूरथला में 26 मामलों में 47 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।



## दुर्घटना के बाद टूटी उम्मीदों को मुख्यमंत्री सेहत योजना ने दिया सहारा, मोहाली के नाई को मिला नया जीवन



चंडीगढ़, 4 जुलाई 2026:एक सड़क दुर्घटना ने मोहाली के रहने वाले नाई मोहम्मद जुल्फिकार की जिंदगी को अचानक संकट में डाल दिया था। घुटने में गंभीर चोट लगने के बाद उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती इलाज का खर्च और परिवार की आजीविका को बचाए रखने की थी। लंबे समय तक खड़े होकर काम करना उनके पेशे की अनिवार्यता है, लेकिन चोट के कारण वे सामान्य रूप से चल-फिर भी नहीं पा रहे थे। ऐसे कठिन समय में पंजाब सरकार की मुख्यमंत्री सेहत योजना उनके लिए उम्मीद की किरण बनकर सामने आई। योजना के तहत उनका घुटने का अत्याधुनिक ऑपरेशन पूरी तरह निःशुल्क किया गया, जिससे अब वे तेजी से स्वस्थ होकर दोबारा अपने काम पर लौटने की तैयारी कर रहे हैं।

मोहम्मद जुल्फिकार वर्षों से मोहाली में अपनी छोटी-सी नाई की दुकान चलाते हैं। हर सुबह वे समय से पहले दुकान खोलते हैं और अपने ग्राहकों का स्वागत करते हैं। उनके लिए यह दुकान केवल रोज़गार का साधन नहीं, बल्कि लोगों से जुड़ने और परिवार का भविष्य संवारने का माध्यम भी है। लेकिन एक दिन मोटरसाइकिल से जाते समय सड़क पर अचानक एक गाय आ जाने से उनका संतुलन बिगड़ गया। वे सड़क पर गिर पड़े और उनकी एक टांग मोटरसाइकिल के नीचे फंस गई। इंजन चालू होने के कारण वे कई मीटर तक सड़क पर घिसटते रहे। हादसे में एक घुटने पर मामूली चोट आई, जबकि दूसरे घुटने में गंभीर चोट लगने से उनका चलना-फिरना और लंबे समय तक खड़े रहना मुश्किल हो गया।

दुर्घटना के बाद जुल्फिकार के सामने सबसे बड़ी चिंता अपने परिवार का भरण-पोषण था। उन्होंने बताया कि हर दिन दर्द के साथ यह डर भी सताता था कि यदि वे काम नहीं कर पाए तो घर का खर्च कैसे चलेगा। महंगे ऑपरेशन का खर्च उनके लिए असंभव जैसा था। उन्हें लगने लगा था कि इलाज के लिए या तो कर्ज लेना पड़ेगा या फिर उपचार टालना पड़ेगा, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती थी। इसी दौरान उन्हें पंजाब सरकार की मुख्यमंत्री सेहत योजना की जानकारी मिली।

SQUARENET
Innovation & Excellence



Advertisement

Zoho Mail
Google Workspace
Microsoft 365

Microsoft Solutions Partner | Google Cloud Partner | aws partner network

Are you looking for a reliable
EMAIL SERVICE PROVIDER?
Choose the best suitable plan for your business from SquareNet

Secure & Reliable | Professional Email | Cloud Integration | 24/7 Expert Support | Scalable for Every Business

Empower Your Business with Secure, Professional & Scalable Email Solutions

SQUARENET INDIA PRIVATE LIMITED
C-6, Sebiz Square, IT Park, Sector 67,
Mohali 160062, Punjab India

www.squarenetindia.com
mail@squarenetsolutions.com

+91-904-101-2541
[PRI LINE]

herbegy™

Think pure think herbal

# PREMIUM SPICES RANGE

## Pure Spice. Rich Flavour.




**PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY**

Advertisement

**For Dealer Inquiry Contact:**

**727-515-0015**


Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. Owner, Publisher & Chief Editor: Shafiur Rahman. Title Verification Number: PBBIL/26/A0779. Periodicity: Monthly.